# चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## अनुदानित महाविद्यालयों में एम.एड. (द्वि–वर्षीय) पाठ्यक्रम में सत्र 2020–22 मे प्रवेश हेतु प्रथम प्रतीक्षा सूची का काउंसलिंग कार्यक्रम

| क्र.स. | दिनांक | वर्ग | कुल प्राप्तांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22.12.2020 | अन्य राज्य | 192 तक | प्रातः 10:00 बजे |
| 2. | 22.12.2020 | सामान्य वर्ग | 190 तक | प्रातः 10:00 बजे |
| 3. | 22.12.2020 | सामान्य वर्ग–विकलांग | 111 तक | प्रातः 10:00 बजे |
| 4. | 22.12.2020 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 159 तक | प्रातः 10:00 बजे |
| 5. | 22.12.2020 | अन्य पिछडा वर्ग | 185 तक | दोपहर 12:00 बजे |
| 6. | 22.12.2020 | अन्य पिछडा वर्ग–विकलांग | 159 तक | दोपहर 12:00 बजे |
| 7. | 22.12.2020 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति | 178 तक | अपराह्न 01:00 बजे |

उक्त प्रतीक्षा सूची के कार्यक्रम में कुल प्राप्तांकों के आधार पर अन्य राज्य, सामान्य वर्ग, अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्र / छात्राओं की संयुक्त मेरिट तैयार की गयी है। अतः ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनका स्कोर उपरोक्त कार्यक्रमानुसार है, उक्त तिथि एवं समय को मेरिट स्कोर के आधार पर काउन्सलिंग हेतु बृहस्पति भवन, चौ0चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में एम.एड. पाठ्यक्रम में सीट आवंटन हेतु उपस्थित हों। समस्त वर्गो के अभ्यर्थी अपने साथ रू0 700/- का एक बैंक ड्राफ्ट (Non Refundable Counseling Fee) जो वित्त अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के नाम देय हो तथा निम्न प्रपत्रों को मूल रूप में एवं उनकी स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति का एक सैट लेकर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों।

- नवीनतम पासपोर्ट साईज के 5 फोटोग्राफ,
- एम.एड. प्रवेश परीक्षा 2020–22 का अंकपत्र,
- एम.एड. प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र,
- समस्त शैक्षणिक अभिलेख,
- जाति–प्रमाण पत्र (कम्प्यूटराईजड हो तथा अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र तीन वर्ष से अधिक पुराना न हो, तथा उसमें क्रीमिलेयर का स्पष्ट उल्लेख हों। (विवाहित महिला अभ्यर्थी की जाति प्रमाण पत्र, उनके पिता के नाम के साथ ही मान्य होगा।)
- मूल निवास प्रमाण पत्र (कम्प्यूटराईज्ड),
- विकलांगता का प्रमाण पत्र (जैसे कि ब्रोशर में अंकित है एवं जो आप पर लागू हो)
- आय प्रमाण पत्र (कम्प्यूटराईज्ड) (केवल एस.सी. / एस.टी. वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए), तथा
- कुलसचिव, चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सम्बोधित रू0 10/- के स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटेरी कराकर, जिसमें निम्न बाते अंकित हों, सभी अभ्यर्थियों को साथ लेकर आना अनिवार्य है–
  - ❖ शैक्षणिक काल के दौरान यदि कोई समय अन्तराल है, तो उसका कारण।
  - ❖ वर्तमान में कहीं भी सेवारत न होने का। (सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान)
  - ❖ वर्तमान में किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में सम्मिलित न होने (जैसे डी.एल.एड., बी.एल.एड. एवं अन्य डिग्री / डिप्लोमा कोर्स आदि)
  - ❖ समान सत्र में अन्य किसी भी शैक्षणिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत न होने का।

यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर अनुपस्थित रहता है, तो उसका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा योग्यता सूची में से उससे नीचे की वरीयता क्रम वाले अभ्यर्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा एवं भविष्य में अभ्यर्थी का उक्त तिथि की मेरिट सूचकांक का प्रवेश संबंधी कोई अधिकार मान्य नही होगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का ही होगा। अभ्यर्थी केवल Total Score के अनुसार निर्धारित तिथि को ही उपस्थित हो।

काउंसलिंग के माध्यम से महाविद्यालय आवंटित होने के उपरान्त या महाविद्यालय में प्रवेश लेने के उपरान्त किसी भी दशा में कोई स्थानान्तरण नही किया जाएगा और न ही पुनः काउंसलिंग के द्वारा अन्य महाविद्यालय आवंटित किया जाएगा एवं न ही काउंसलिंग शुल्क वापस होगा।

विशेष : उपरोक्त प्रतीक्षा सूची में रिक्त सीटों के सापेक्ष लगभग दोगुना अभ्यर्थियों को औपबन्धिक रूप से बुलाया गया है। अतः सीटों का आवंटन अभ्यर्थी के प्रवेश सूचकांक व सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। मात्र प्रतीक्षा सूची में नाम सम्मिलित होना सीट आवंटन की गारंटी नहीं है।

sd/-
चैयरमेन
एम.एड. प्रवेश
सत्र 2020–22

sd/-
समन्वयक
एम.एड. प्रवेश
सत्र 2020–22